डीएलएस के योगाचार्य अंकित को दिल्ली में मिला 'राष्ट्रीय योगवीर सम्मान'

बिलासपुर। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय योगवीर सम्मान 2022 यह 9 नवंबर को लाजपत भवन नई दिल्ली में आयोजित हुआ। इसमें बिलासपुर छत्तीसगढ़ से डीएलएस महाविद्यालय में सेवारत योगाचार्य अंकित कुमार दुबे को 'राष्ट्रीय योग वीर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष योगगुरु मंगेश त्रिवेदी थे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र 'टेनी', केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री डॉ. मूंजपरा महेंद्र भाई, आवास एवं शहरी

विकास मंत्री कौशल किशोर, मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ योग के डायरेक्टर डॉ. ईश्वर बी. बसव रेड्डी के उपस्थिति में यह सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य रूप से कोविड कॉल में इम्यूनिटी बूस्टर ऑनलाइन योगाभ्यास कार्यक्रम 51 लाख सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, 71 लाख सामूहिक सूर्यनमस्कार अभ्यास कार्यक्रम, 21 लाख स्कूली बच्चों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम सहित 75 लाख लोगों को हृदय रोगों से बचाव के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम आदि विभिन्न उपक्रमों में अपना सराहनीय योगदान देने वाले समस्त योग शिक्षकों को राष्ट्रीय सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया।

योगी बनो, सहयोगी बनो, समाज के लिए उपयोगी बनो
अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ
ABYOGASMS FOUNDATION®
Reg. No.: U85300DL2021NPL379903
राष्ट्रीय योग
र सम्मान-2022
TRUE TIMES
RBM NEWS INDIA
ABYOGASMS
ABYOGASMS
9213111110
www.abyogasms.com

महासंघ
द्वारा आयोजित